भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-4250
सोमवार, 22 मार्च, 2021/1 चैत्र, 1943 (शक)

असम में रोजगार मेला

†4250 श्री अब्दुल खालेकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय युवाओं के लिए जिला स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन करता है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और 1 जनवरी, 2014 से लेकर आज तक असम में कितने रोजगार मेलों का आयोजन किया गया है; और
(ग) 1 जनवरी, 2014 से लेकर आज तक असम में इससे लाभ प्राप्त करने वाले लोगों का जिले-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी हैं?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): सरकार रोजगार तलाश एवं मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों संबंधी सूचना आदि जैसी रोजगार संबंधी विविध सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना का कार्यान्वयन कर रही है। एनसीएस परियोजना के तहत रोजगार मेलों के आयोजन हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है।

असम राज्य सरकार के सहयोग से एनसीएस के माध्यम से आयोजित किए गए रोजगार मेलों के ब्यौरे निम्नानुसार हैः-

क.सं.	वर्ष	रोजगार मेलों की संख्या	अंतिम रूप से नियोजन पत्र प्रदान किए गए अभ्यर्थियों की संख्या
1.	2017-18	23	1010
2.	2018-19	56	804
3.	2019-20	35	442
4.	2020-21	12	30
	योग	**126**	**2286**

उपरोक्त के अलावा, कौशल रोजगार एवं उद्यमशीलता विभाग (एसईईडी), असम से प्राप्त सूचना के अनुसार, 2017-2019 के दौरान, राज्य सरकार ने 8 रोजगार मेले आयोजित किए हैं एवं इन रोजगार मेलों के माध्यम से 2038 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से नियोजन पत्र प्रदान किए गए हैं।

*****